# साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय
संत हिरदाराम नगर (बैरागढ), भोपाल–462030 (म0प्र0)

स्वशासी योजना के अंतर्गत् कार्यकारिणी समिति की बैठक

दिनांक 02 / 09 / 2016 — समय: दोपहर 12:00 बजे

## कार्यवृत्त

विषयः स्वशासी योजना के अंतर्गत् महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की निम्न कार्य सूची पर बैठक।

**बिन्दु क्रमांक 01:– अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अकादमिक प्रस्ताव।**

1. विभिन्न विषयों में उनके अध्ययन मंडल की बैठकों से अनुशंसित पाठ्यक्रमों की म.प्र. उच्च शिक्षा एवं बरकतउल्ला वि.वि. भोपाल के अनुसार ही रखे जाने का प्रस्ताव।
2. महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अन्तर्गत् बनाए गए परीक्षा नियमों एवं गठित परीक्षा समिति का प्रस्ताव।
3. महाविद्यालय में प्रवेश म.प्र. उच्च शिक्षा के नियमों के अनुसार ही देने हेतु प्रस्ताव।
4. अगले सत्र से रोजगारोन्मुखी शार्ट टर्म सर्टिफिकेट / डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ करने एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव।
5. महाविद्यालय में प्रदान की जाने वाली छात्रवृति, पुरस्कार पदक आदि हेतु प्रस्ताव।
6. शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियाँ (एन.सी.सी., एन.एस.एस. खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आदि) म.प्र. शासन द्वारा जारी किए गए अकादमिक केलेन्डर के अनुसार आयोजित करने हेतु प्रस्ताव।

**बिन्दु क्रमांक 02:– महाविद्यालय के छात्रों से लिये जाने वाले स्वशासी शुल्क के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

1. स्वशासी परीक्षा शुल्क।
2. आंतरिक मूल्यांकन एवं अन्य शुल्क।

**बिन्दु क्रमांक 03:– वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय प्रस्ताव।**

1. परीक्षा संचालन कार्य से संबंधित पारिश्रमिक दरों बाबत्।
2. मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओ के मूल्यांकन एवं प्रश्न पत्र सेटिंग हेतु परीक्षकों के देय पारिश्रमिक बाबत।
3. स्वशासी प्रकोष्ठ में गठित समिति के मानदेय हेतु प्रस्ताव ।
4. समितियों की बैठकों में बाहर से आने वाले विशेषज्ञों के देय मानदेय बाबत।
5. यू.जी.सी की आटोनोमी ग्रान्ट 2016–17 के प्रस्ताव के अनुमोदन बाबत्।
6. सत्र 2016–17 के स्वशासी मद के प्रस्तावित बजट पर चर्चा।

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

बिन्दु क्रमांक 04 :— महाविद्यालय में प्रदान की जाने वाली छात्रवृति, पुरस्कार, पदक इत्यादि हेतु।

बिन्दु क्रमांक 01 के अनुसार प्रस्ताव।

बिन्दु क्रमांक 05:— महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों हेतु प्रस्ताव।

बिन्दु क्रमांक 06:— माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।

आज दिनांक 02—09—2016 को दोपहर 12:00 बजे महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अंतर्गत कार्यकारिणी समिति की बैठक माननीय श्री दयालदास डेटानी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :—

I. अध्यक्ष
श्री दयालदास डेटानी जी (अध्यक्ष प्रबंध समिति)

II. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
1. श्री राजेन्द्र मनवानी (महासचिव)
2. श्री सुरेश कुमार दरयानी (सह—सचिव)
3. श्री दिनेश वाधवानी (कोषाध्यक्ष)

III. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
1. डॉ. अनिल कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य
2. डॉ. सुमन मलिक , सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र

IV. प्रबंध समिति द्वारा नामित शिक्षाविद्
डॉ. आभा बाजपेई
सेवानिवृत प्राध्यापक हिन्दी
सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
शिवाजी नगर भोपाल

V. राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य
प्रोफेसर एम.एल.नाथ
निदेशक
उच्च शिक्षा उत्कृष्टता

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

VII कुलपति, बरकत्तउल्ला विश्वविद्यालय, द्वारा नामित सदस्य
प्रोफेसर डी.सी.गुप्ता
विभागाध्यक्ष, भूगर्भ विज्ञान
बरकत्तउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल।

VIII महाविद्यालय के प्राचार्य – पदेन सचिव(कार्यकारिणी समिति)
डॉ. डी.के. दुबे

IX नियंत्रक (स्वशासी प्रकोष्ठ)
डॉ. मधुलिका सिंह

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिए गए।

**बिन्दु क्रमांक 01:– अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अकादमिक प्रस्ताव।**

1 विभिन्न विषयों में उनके अध्ययन मंडल की बैठकों से अनुशंसित पाठ्यक्रमों की म.प्र. उच्च शिक्षा एवं बरकतउल्ला वि.वि., भोपाल के अनुसार ही रखे जाने का प्रस्ताव।

स्नातक स्तर पर वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव प्रौद्यौगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबधन(BBA), वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रोनिक्स, अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, हिन्दी ,समाज शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र के एवं स्नातकोत्तर स्तर पर जैव प्रौद्यौगिक, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, गणित एवं हिन्दी के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

उपरोक्त सभी विषयों के अध्ययन मंडल की बैठकों में अनुशंसित पाठ्यक्रमों को मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के अनुसार ही रखे जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**निर्णयः**– यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

2 महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अन्तर्गत बनाए गए परीक्षा नियमों एवं गठित परीक्षा समिति का प्रस्ताव।

**निर्णयः**– यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

3 महाविद्यालय में प्रवेश म.प्र. उच्च शिक्षा के नियमों के अनुसार ही देने हेतु प्रस्ताव।

**निर्णयः**– यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

4 अगले सत्र से रोजगारोन्मुखी शार्ट टर्म सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स प्रारम्भ करने एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव।

फैशन डिजायनिंग, इन्टीरियर डिजायनिंग के सर्टिफिकेट /डिप्लोमा कोर्स एवं ओटोकेड, टैली ५ एन्ड्रायड के शार्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स प्रारभ करने तथा कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा की गई।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

5 महाविद्यालय में प्रदान की जाने वाली छात्रवृति, पुरस्कार पदक आदि हेतु प्रस्ताव।

उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान डॉ एम.एल.नाथ ने सुझाव दिया कि सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार हेतु चयन स्नातक एवं स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर कक्षाओं से होना चाहिए।

उक्त सुझाव को सर्वसम्मति से मान्य करते हुए शेष प्रस्ताव यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

6 शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियां (एन.सी.सी., एन.एस.एस.,खेल कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आदि) म.प्र. शासन द्वारा जारी किए गए अकादमिक केलेन्डर के अनुसार आयोजित करने हेतु प्रस्ताव।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु क्रमांक 02:— महाविद्यालय के छात्रों से लिये जाने वाले स्वशासी शुल्क के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

1 स्वशासी परीक्षा शुल्क।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

2 आंतरिक मूल्यांकन एवं अन्य शुल्क।

उपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान प्रो0 एम.एल. नाथ ने सुझाव दिया कि रसीद की प्रतिलिपि (duplicate) देने के स्थान पर प्रमाण पत्र दिया जाये।

**निर्णयः**— उक्त सुझाव को सर्वसम्मति से मान्य करते हुए शेष प्रस्ताव यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु क्रमांक 03:— वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय प्रस्ताव।**

1 परीक्षा संचालन कार्य से संबंधित पारिश्रमिक दरों बाबत्।

उपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान डॉ आभा बाजपेई ने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट विद्यार्थियों हेतु उत्तर पुस्तिका के पुनर्गणना के साथ साथ पुनः परीक्षण करवाने का सुझाव दिया।

**निर्णयः**— उपरोक्त सुझाव अगले सत्र में होने वाली अकादमिक परिषद की बैठक में पारित करवाने हेतु सर्वसम्मति से अनुशंसित एवं शेष प्रस्ताव यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

2 मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन एवं प्रश्न पत्र सेटिंग हेतु परीक्षकों के देय पारिश्रमिक बाबत।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

3 स्वशासी प्रकोष्ठ में गठित समिति के मानदेय हेतु प्रस्ताव ।

डॉ आभा बाजपेई ने उपरोक्त प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान स्वशासी प्रकोष्ठ हेतु गठित समिति के सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष के स्थान पर तीन वर्ष करने का सुझाव दिया।

**निर्णयः**— उक्त सुझाव को सर्वसम्मति से मान्य करते हुए शेष प्रस्ताव यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

4 समितियों की बैठकों में बाहर से आने वाले विशेषज्ञों के देय मानदेय बाबत।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

5 यू जी सी की आटोनोमी ग्रान्ट 2016–17 के प्रस्ताव के अनुमोदन बाबत्।

उपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान डॉ आभा बाजपेई ने आगामी वर्षो में प्रश्न पत्र तैयार करने पर कार्यशाला आयोजित करने का सुझाव दिया।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

6 सत्र 2016–17 के स्वशासी मद के प्रस्तावित बजट पर चर्चा।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु क्रमांक 04 :— महाविद्यालय में प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति, पुरस्कार, पदक इत्यादि हेतु।**

बिन्दु क्रमांक 01 के अनुसार प्रस्ताव।

**निर्णयः**— यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु क्रमांक 05:— महाविद्यालय के सर्वागीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों हेतु प्रस्ताव।**

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030

उपरोक्त बिन्दु पर चर्चा के दौरान प्रो.एम.एल.नाथ ने अनुशासन समिति,खेल कूद समिति,छात्रावास समिति,वेबसाइट अपडेशन समिति एवं एन्टी रैगिंग समिति में विद्यार्थियों का योगदान लेने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त छात्र,छात्राओं एवं स्टाफ के लिये अलग–अलग शिकायत निवारण समिति बनाने का सुझाव भी दिया गया।

**निर्णयः–** उक्त सुझाव को सर्वसम्मति से मान्य करते हुए शेष प्रस्ताव यथा प्रस्तावित स्वीकृत।

**बिन्दु क्रमांक 06:– माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

1 साधु वासवानी शिक्षण समिति के अध्यक्ष द्वारा अकादमिक परिषद् हेतु विशेष क्षेत्रों से नामित निम्न चार विशेषज्ञों के नामों का अनुमोदन किया गया –

| | |
|---|---|
| (i) डॉ. एस.डी. बालानी | औषधि |
| (ii) श्री प्रदीप जसूजा | अभियांत्रिकी |
| (iii) डॉ. प्रमिला मैनी | शिक्षाविद् |
| (iv) श्री गोविन्द राम ज्ञानचन्दानी | उद्योगपति |

2 विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की उत्तर पुस्तिका पुस्तकालय में अन्य विद्यार्थियों द्वारा देखे जाने हेतु रखने का सुझाव दिया गया।
3 पेपर सेटर से फीड बैक लेने का भी सुझाव दिया गया।

बैठक के समापन पर प्राचार्य डॉ. डी.के.दुबे द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया।

प्राचार्य

प्रतिलिपि:
1 अध्यक्ष शासी निकाय,साधु वासवानी शिक्षण समिति
2 प्रबंध समिति के नामित सदस्य
3 प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
4 यू.जी.सी. (नई दिल्ली) द्वारा नामित सदस्य
5 राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य
6 विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य
7 नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous College
SANT HIRDARAM NAGAR
BHOPAL-462030